दिनांक 11 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वृक्षारोपण महाअभियान "मोर पेड़ मोर जीनगानी" से जुड़ने लगे लोग, सराहनीय कार्य करने वाले को मिलेगा 25000 तक पुरस्कार

भिलाईनगर/महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी वर्षा ऋतु में किए जाने वाले वृक्षारोपण को लेकर जन सहभागिता को जोड़ते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए है! जिस पर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं विभागीय अधिकारियों को आगामी वृक्षारोपण के लिए कार्य योजना तैयार करने के लिए आदेशित किया है! स्मार्ट एप भिलाई जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित है इसे वृक्षारोपण महाअभियान पुरस्कार "मोर पर मोर जीनगानी" के लिए अपडेट कर दिया गया है इस ऐप में अब वृक्षारोपण करने के पश्चात लोग जानकारी अपलोड कर रहे हैं ! वृक्षारोपण के लिए जन सहभागिता को नकारा नहीं जा सकता! जन सहभागिता से यदि कार्य किया जाए तो निश्चित रूप से भिलाई के सभी क्षेत्रों में हरियाली छा जाएगी , क्योंकि सभी अपने घरों के समीप पौधे लगाएंगे और उसकी देखभाल से वे स्वयं करेंगे , आयुक्त महोदय ने भवन अनुज्ञा शाखा को निर्देशित किया है कि भवन अनुज्ञा लेने के लिए अनिवार्य रूप से 5 वृक्ष लगाए जाने का निरीक्षण करें , वृक्षारोपण केवल गमलों में लगाकर दिखावा ना हो! जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है , पौधे लगाने के लिए स्मार्ट भिलाई एप को प्ले स्टोर में जाकर इंस्टॉल करना होगा जिसमें मोबाइल नंबर डालने पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसे डालने के पश्चात मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हो जाएगा इस ऐप में वृक्षारोपण का आईकॉन अलग से प्रदर्शित होता है जिसको क्लिक करने पर वृक्षारोपण करने के पश्चात फोटो एवं विवरण अपलोड किया जा सकता है , जिसकी मॉनिटरिंग स्मार्ट भिलाई एप को संचालित करने वाले डाटा सेंटर के अधिकारी कर्मचारी करेंगे , अच्छे व सराहनीय कार्य करने वाले को 15 अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा ! पौधे बड़े होने के पश्चात उसी पौधों के साथ पुन: अगले वर्ष 26 जनवरी के पूर्व फोटो एवं विवरण एप में अपलोड करना होगा जिनमें से पौधों को जीवित रखने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा इसी प्रकार से 3 से 4 वर्षों तक अच्छे कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाता रहेगा जब तक पौधे वृक्ष का रूप धारण न कर ले, पुरस्कार पाने के लिए पौधे स्वयं के व्यय पर लेकर लगाना होगा , सुरक्षा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्वयं करनी होगी , प्रति व्यक्ति कम से कम पांच पौधे लगाने होंगे इस मुहिम के लिए स्मार्ट भिलाई एप को अपडेट कर दिया गया है जिसमें वृक्षारोपण पश्चात फोटो सहित जानकारी अपलोड कर सकते हैं!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!